वर्ष: 03 अंक: 03

आजादी का अमृत महोत्सव

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार

GOVT OF INDIA NCSC

आयोग की मासिक पत्रिका

**एक कदम पारदर्शिता की ओर**

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

न्यूज़लेटर - अक्टूबर - 2023




# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

पांचवां तल, लोक नायक भवन, खान मार्किट
नई दिल्ली-110003

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

न्यूजलेटर

वर्ष: 03 अंक: 03

अक्टूबर 2023

**संपादक**

राजेश रंजन सिंह

ई–मेल : singh.rr9@gmail.com

@srajeshranjan

## National Commission for Scheduled Castes



**श्री अरूण हालदार**
**अध्यक्ष (कार्य प्रभारित)**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की ओर से लगातार मासिक पत्रिका प्रकाशित करने का सिलसिला जारी है। आयोग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका का यह 26वां अंक है। आप सभी के सहयोग व मार्गदर्शन से सफलतापूर्वक 25 अंकों का प्रकाशन किया जा चुका है। इस अंक में हमने आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में कई संस्थानों की समीक्षा बैठक, स्थलीय निरीक्षण, जनसुनवाई, आयोग की आतंरिक बैठक समेत देश भर के कई बड़े मामलों को शामिल किया है। इसके अलावा बीते माह के दौरान मीडिया में प्रकाशित आयोग की खबरों की क्लिपिंग को भी प्रकाशित किया गया है। आशा है मासिक पत्रिका के जरिए आपको जानकारी मिलती रहे और पत्रिका प्रकाशन में आपका सहयोग मिलता रहे।

धन्यवाद


(संपादक)



**डॉ. अंजू बाला**
**सदस्या**



**श्री सुभाष रामनाथ पारधी**
**सदस्य**




**किसी भी प्रकार के सुझाव और शिकायतों के लिये संपर्क करें:**

**011 - 24620435 & 24606802**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
**भारत सरकार**

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi - 110003

**website: http://ncsc.nic.in**

@NCSC_GoI    @NCSC.GoI    @ncsc_goi

Koo
@NCSC

ऑनलाइन शिकायत यहां दर्ज करें:

**https://ncsc.negd.in/**

# माननीय अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) का संदेश



श्री अरूण हालदार
अध्यक्ष (कार्य प्रभारित)

दीपावली पर अमावस्या की काली रात का अंधेरा दीपक की रोशनी से समाप्त हो जाता है। तब ऐसा महसूस होता है कि मनुष्य भी अपनी आंतरिक नकारात्मकता का परित्याग कर सकारात्मकता की ओर बढ़ गया हो। यह त्योहार न सिर्फ असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है अपितु मनुष्य के आंतरिक दुर्गुण, राग, द्वेष, आपसी भेदभाव और समाज की कुरीतियों को समाप्त करने का संदेश भी देता है। यह काफी हर्ष का विषय है कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका का अक्टूबर अंक दीपावली के शुभ अवसर पर प्रकाशित हो रहा है। आयोग द्वारा प्रकाशित पत्रिका का यह 26वां अंक है।

अक्टूबर माह के दौरान छठे आयोग की 9वीं बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी, माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला, सचिव व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में आयोग के बेहतर कामकाज को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। इन फैसलों का दूरगामी परिणाम होगा। इस बैठक में लिए गए अहम फैसले अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए काफी लाभकारी साबित होंगे।

बीते माह आयोग ने पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, तमिलनाडु जैसे राज्यों में आधिकारिक दौरे पर विभिन्न संस्थानों की समीक्षाएं की ताकि वहां पर कार्यरत अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनी आरक्षण नीति की वर्तमान स्थिति की जानकारी मिल सके। कई मामलों में आयोग ने स्थलीय निरीक्षण भी किया।

इसके अलावा अक्टूबर माह में स्वच्छता ही सेवा अभियान (कचरा मुक्त भारत) चलाया गया। इस दौरान सफाई पर विशेष ध्यान दिया गया। 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर के मध्य यह अभियान चलाया गया। साथ ही 31 अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित आयोग मुख्यालय में अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई।

यह भी बताना चाहूंगा कि आयोग लगातार अनुसूचित जाति के लोगों को न्याय दिलाने के लिए देश के विभिन्न राज्यों में स्थलीय निरीक्षण से लेकर आयोग मुख्यालय में जनसुनवाई और सभी संभव प्रयास कर रहा है।

अंत में आप सबको, दीपावली की बधाई देते हुए आप सभी के अच्छे स्वास्थ्य, सुंदर भविष्य एवं भेदभाव मुक्त समाज की कामना करता हूं।

जय हिंद !
सादर धन्यवाद

**अरूण हालदार**

अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) ,
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

X @arunhalderncsc

# बैठक







## आयोग की 9वीं बैठक

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के छठे आयोग का गठन फरवरी 2021 में किया गया था। गठन के बाद से अभी तक आयोग की 9 बैठकें संपन्न हो चुकी हैं। नौवीं बैठक बीते 4 अक्टूबर 2023 को हुई। यह बैठक नई दिल्ली स्थित आयोग मुख्यालय में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता आयोग के माननीय अक्ष्यक्ष (प्रभारित) श्री अरूण हालदार ने की। इस दौरान आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी व माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला मौजूद रहीं।

आयोग के सचिव श्री जी. श्रीनिवास, डीआईजी श्रीमती सन्मीत कौर, निदेशक श्री संदेश सक्सेना, निदेशक श्री कौशल कुमार, उपसचिव बनमाली नायक सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस बैठक में आयोग के कामकाज को लेकर चर्चा की गई।






# पश्चिम बंगाल में संस्थाओं की आयोग ने समीक्षा की

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के एक दल ने पश्चिम बंगाल राज्य का आधिकारिक दौरा किया। यह दौरा आयोग के माननीय अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) श्री अरूण हालदार के नेतृत्व में किया गया। इस आधिकारिक दौरे में आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी व माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला भी शामिल थीं।

इस दौरान कोल इंडिया, एचपीसीएल, यूको बैंक, नेशनल इंश्यूरेंस, टी बोर्ड, कलकत्ता यूनिवर्सिटी, वेस्ट बंगाल स्टेट यूनिवर्सिटी समेत अन्य संस्थानों की समीक्षा बैठक की गई।

इस समीक्षा बैठक में विभिन्न संस्थानों में अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनी आरक्षण नीति की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि अनुसूचित जाति के अधिकारियों-कर्मचारियों को आरक्षण नीति का उचित लाभ मिल रहा है अथवा नहीं।

साथ ही अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए अन्य सरकारी योजनाओं एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। इस समीक्षा बैठक में आयोग के अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी और एससी-एसटी एंम्प्लाएज एसोसियशन के सदस्य भी मौजूद रहे।



# नाबालिग से बलात्कार मामले की जांच, सरकार की कार्रवाई से आयोग असंतुष्ट

पश्चिम बंगाल के आधिकारिक दौरे पर गई राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को नाबालिक लड़की से बलात्कार की घटना की जानकारी मिली। आयोग ने इस घटना को बेहद गंभीरता से लिया और तत्काल प्रभाव से घटना की विस्तृत जांच के लिए आयोग का दल स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचा। माननीय अधयक्ष (कार्य प्रभारित) श्री अरूण हालदार के नेतृत्व में आयोग का दल पीड़िता के घर भी पहुंचा। इस दौरान माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी व माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला भी मौजूद रहीं। वहां पहुंचकर उन्होंने पीड़िता के परिवार से मिलकर घटना से संबंधित पूरी जानकारी प्राप्त की। माननीय अध्यक्ष ने पीड़ित परिवार को न्याय एवं दोषियों पर कठोर कार्यवाही का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान आयोग व संबंधित जिला प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान माननीय अध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से की गई कार्रवाई संतोषजनक नहीं है। उन्होंने प्रशासन की लापरवाही की निंदा की।

# आयोजन



## एकता दिवस पर 'शपथ'



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग मुख्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान आयोग के माननीय अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) श्री अरूण हालदार ने सचिव श्री गुडे श्रीनिवास के साथ मिलकर अधिकारियों-कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। बता दें कि सरदार वल्लभ भाई पटेल देश के पहले गृह मंत्री थे और उन्होंने आजादी के बाद भारत के एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसलिए उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

# समीक्षा बैठक




## MRPL और HAL की समीक्षा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के एक दल ने कर्नाटक राज्य का आधिकारिक दौरा किया। इस दौरे की अगुवाई आयोग की माननीया सदस्या डॉ. अंजू बाला ने की। इस दौरान MRPL और HAL की समीक्षा की गई।

इस समीक्षा बैठक में विभिन्न संस्थानों में अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनी आरक्षण नीति की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में यह भी समीक्षा की गई कि अनुसूचित जाति के अधिकारियों-कर्मचारियों को आरक्षण नीति का उचित लाभ मिल रहा है अथवा नहीं।

साथ ही अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के लिए अन्य सरकारी योजनाओं एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विषयों पर भी विचार विमर्श किया गया। इस समीक्षा बैठक में आयोग के अधिकारियों के साथ-साथ भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारी और एससी-एसटी एंम्प्लाएज एसोसियशन के सदस्य भी मौजूद रहे।

# जनसुनवाई







## त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों को आयोग का निर्देश

नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग मुख्यालय में एक गंभीर मामले की सुनवाई करते हुए माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी। इस दौरान प्रार्थी, संबंधित विभागों के अधिकारी व आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। माननीय सदस्य ने मामले में न्यायोचित कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

st Bengal >South 24 Parganas > SC Commission Advice To Close OC And IC Of Magrahat PS

## Magrahat: মগরাহাটে যৌন নির্যাতন কাণ্ডে ওসি, আইসি-কে ক্লোজ করার প্রস্তাব তফশিলি কমিশনের

জাতীয় তফশিলি কমিশনের চেয়ারম্যান অরুণ হালদার শনিবার দুপুর ১২টা নাগাদ যান ওই গ্রামে। দুপুরে ২টো পর্যন্ত সেখানে ছিলেন তিনি। গ্রামবাসীদের সঙ্গে কথা বলে সেখান থেকে বেরিয়ে আসেন। গ্রাম থেকে সরাসরি তিনি আসেন মগরাহাট থানায়। সে সময় থানায় উপস্থিত ছিলেন ডায়মন্ড হারবার পুলিশ জেলার অতিরিক্ত পুলিশ সুপার বিজয় মণ্ডল। তাঁর সঙ্গে ঘটনার পাশাপাশি মামলা সংক্রান্ত বিষয়ে কথা বলেন চেয়ারম্যান সহ প্রতিনিধি দলের সদস্যরা।



নির্যাতিতার পরিবারের সঙ্গে দেখা করতে গ্রামে কমিশনের প্রতিনিধিরা Image Credit source: TV9 Bangla

Follow Us: Google News

Shuvendu Halder | Edited By: Angshuman Goswami | Updated on: Oct 14, 2023 | 8:07 PM

**মগরাহাট:** নাবালিকার যৌন হেনস্থার অভিযোগ ঘিরে দিন কয়েক আগেই উত্তপ্ত হয়েছিল দক্ষিণ ২৪ পরগনার মগরাহাট থানার একটি গ্রাম। যৌন হেনস্থা ঘিরে অভিযুক্তের আত্মীয়ের বাড়ি ভাঙচুর এবং পরে নির্যাতিতার বাড়িতেও ভাঙচুরের অভিযোগ ওঠে দুষ্কৃতীদের বিরুদ্ধে। পুলিশের ভূমিকা নিয়েও প্রশ্ন তুলেছিলেন যৌন নিগ্রহের ঘটনায় ক্ষুব্ধ গ্রামবাসীরা। পরিস্থিতি নিয়ন্ত্রণে রাখতে প্রচুর পুলিশ মোতায়েন করতে হয়েছিল সেখানে। ডায়মন্ড হারবার থেকে জেলা পুলিশের উচ্চপদস্থ আধিকারিকরা ছুটে এসেছিলেন। বিধানসভার বিরোধী দলনেতা শুভেন্দু অধিকারীও নির্যাতিতার পরিবারের সঙ্গে দেখা করেন। সেই ঘটনা নিয়ে রিপোর্ট দেবে জাতীয় তফশিলি কমিশন। ওই কাণ্ডে মগরাহাট থানার ওসি আবদুল শেখ এবং সিআই সুধীর বাগকে ক্লোজ করা সুপারিশ করবেন বলে জানা গিয়েছে। রাজ্যের মুখ্যসচিব এবং ডিজিকে এ নিয়ে রিপোর্ট পাঠাবেন।

# खबरों में आयोग

**जाति सूचक शब्द बोलने पर एससी एसटी आयोग पहुँचा आरटीई के दाखिले का मामला**

## गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने एससी एसटी आयोग को स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्यवाई के लिये दिया ज्ञापन



एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। गाजियाबाद में आरटीई के दाखिले को लेकर दिल्ली पब्लिक स्कूल , साहिबाबाद लोनी प्रबंधन की मनमानी को लेकर एक बड़ा मामला सामने आया है पीड़ित अभिभावक की पुत्री का आरटीई के अंतर्गत चयन मॉर्च महीने में अलाभित समूह के अंतर्गत प्री प्राइमरी में दिल्ली पब्लिक स्कूल , साहिबाबाद लोनी में हुआ था स्कूल प्रबंधन से अभिभावक द्वारा अपनी पुत्री का दाखिला मांगने पर जाति सूचक शब्द बोलकर अपमानित करने के आरोप लगाए है और इसकी शिकायत अभिभावक ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग नई दिल्ली से की है अभिभावक ने बताया कि वह पिछले 6 महीने से अपनी बेटी के दाखिले के लिए स्कूल और अधिकारियों के चक्कर काट रहा हूँ अधिकारियों द्वारा स्कूल प्रबन्धन के साथ 5 बार मीटिंग की जा चुकी है खुद अपर जिलाधिकारी नगर ने भी 20 से ज्यादा बार स्कूल प्रबंधन को फोन कर दाखिला करने के लिए अनुरोध भी किया है और चेतावनी भी दी है लेकिन स्कूल ने मेरी बेटी का दाखिला लेने की बजाय मुझे जातिसूचक शब्द बोलकर अपमानित किया है और कहा है कि कही भी चले जाओ हम दाखिला नही लगे । क्या मेने स्कूल स अपनी बेटी का दाखिला मांगकर कोई अपराध किया है जब स्कूल अटटीई के दाखिले लेते ही नही तो फिर सरकार ने ये आरटीई अधिनियम बनाया ही क्यो पीड़ित अभिभावक द्वारा गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन से भी न्याय की गुहार लगाई गई जिसका तत्काल सज्ञान लेते हुये जीपीए ने एससी एसटी आयोग के दिल्ली दफ्तर पहुँचकर ज्ञापन दिया और स्कूल प्रबंधन पर कड़ी करीवाई का अनुरोध किया है इस मौके पर अनिल सिंह , नरेश कुमार , धर्मेंद्र यादव , कौशल ठाकुर , राहुल कुमार , विवेक त्यागी , नवीन राठौर आदि मौजूद रहे

NBT नवभारत टाइम्स

ईरान में कैदी नरगिस को नोबेल शांति पुरस्कार

शुभमन को 'डेंगू', कई मैचों से बाहर हो सकते हैं

## पैरेंट्स असोसिएशन ने स्कूल पर लगाया जातिसूचक शब्द बोलने का आरोप

■ एनबीटी न्यूज, गाजियाबाद: गाजियाबाद पैरेंट्स असोसिएशन ने एससीएसटी आयोग को ज्ञापन देकर स्कूल पर आरटीई का एडमिशन न लेने व जातिसूचक शब्द बोलने का आरोप लगाया। संस्था ने आयोग से मामले में कार्रवाई करने की मांग की है। संस्था के मीडिया प्रभारी विवेक त्यागी ने बताया कि टीला शहबाजपुर निवासी राहुल कुमार की पुत्री का का चयन आरटीई के तहत एक प्राइवेट स्कूल में हुआ था। 6 माह से चक्कर काटने के बाद भी स्कूल ने एडमिशन नहीं दिया, उल्टे जाति सूचक शब्द बोलकर अपमानित किया। इसकी शिकायत उन्होंने संस्था से की तो इस मामले में शुक्रवार को एससी एसटी आयोग के दिल्ली कार्यालय जाकर ज्ञापन दिया गया व राहुल कुमार की बेटी का एडमिशन कराने के साथ स्कूल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। अनिल सिंह, नरेश कुमार, धर्मेंद्र यादव, कौशल ठाकुर, राहुल कुमार, नवीन राठौर आदि भी मौजूद रहे।

**आरोप, 6 महीने पहले हुआ था बेटी का एडमिशन, लेकिन स्कूल कटवा रहा चक्कर**



एससीएसटी आयोग को ज्ञापन देकर कार्रवाई की मांग

पटना प्रभात

पटना, शनिवार 30.09.2023 | 03

पटना: अधिकतम 36.0° न्यूनतम 26.7° | गया: अधिकतम 34.2° न्यूनतम 25.7° | prabhatkhabar.com

लापरवाही. राष्ट्रीय एससी आयोग की सदस्य ने जांच पर उठाया सवाल

## खुसरूपुर कांड में निर्वस्त्र कर महिला को पीटने की धारा नहीं लगायी : डॉ बाला

संवाददाता, पटना

**महिला से हमने की अकेले में बात, शरीर पर हैं जख्म**



**डीएम-एसपी को दिया निर्देश**


**उत्पीड़न मामले में नाबालिग आरोपित ने किया आत्मसमर्पण**

**रिश्वतखोरी के मामले में पूर्व मुखिया को तीन साल का कारावास**

प्रभात खबर Sat, 30 September 2023 https://epaper.prabhatkhabar.com/c/73567648



राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग मुख्यालय में एक मामले की सुनवाई करते माननीय अध्यक्ष (कार्य प्रभारित) श्री अरूण हालदार, साथ में वरिष्ठ अधिकारीगण व प्रार्थी।




कचरा मुक्त भारत के दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग मुख्यालय में लगा बैनर


# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

पांचवां तल, लोक नायक भवन, खान मार्किट

नई दिल्ली-110003